तापमान
अधिकतम 32.0°C
न्यूनतम 28.0°C

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

11 एचएसवीपी कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन जारी



12 खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में दिखाई प्रतिभा



**खबर संक्षेप**

### पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने के आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव गांधरा (रोहतक) निवासी रवि और गांव रिढाऊ निवासी रामपाल के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस के अनुसार डायल-112 से सूचना मिली थी कि रोहट नहर पुल के पास एक कार नहर में गिर गई है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों युवकों का व्यवहार संदिग्ध मिलने पर उन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में और थाने पहुंचने के बाद रवि ने मुख्य सिपाही के साथ हाथापाई की। इसमें पुलिसकर्मी को चोट आई और उसकी वर्दी भी फाड़ दी। इस मामले में केस दर्ज किया था।

### बाइक चोरी का आरोपी पकड़ा, वाहन बरामद

**सोनीपत।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सदर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गांव किलोहड़द निवासी मुकुल ने शिकायत दी थी कि 26 जुलाई की रात उसने अपनी मोटरसाइकिल गांव के मुख्य अड्डे पर किराना स्टोर के पास खड़ी की थी और बिजलीघर चला गया था। वापस लौटने पर मोटरसाइकिल गायब मिली।

# शहर के चौक-चौराहों को लगेंगे चार चांद महापुरुषों की प्रतिमाओं का होगा सौंदर्यीकरण

## नगर निगम करवाएगा सर्वे, 15 प्रमुख स्थलों का होगा आकलन

सामाजिक संस्थाओं और स्कूलों को सौंपी थी जिम्मेदारी अपेक्षित सुधार नहीं होने पर निगम करेगा पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर के चौक-चौराहों की सुंदरता बढ़ाने और महापुरुषों की प्रतिमाओं को बेहतर स्वरूप देने के लिए नगर निगम ने योजना तैयार की है। निगम जल्द ही एक विशेषज्ञ एजेंसी से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, प्रतिमाओं और आसपास के क्षेत्रों का सर्वे करवाएगा। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सौंदर्यीकरण का बजट और कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध तरीके से काम शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि करीब एक वर्ष पहले नगर निगम ने शहर के 15 प्रमुख चौक-चौराहों को सामाजिक संस्थाओं और निजी स्कूलों को गोद देकर रखरखाव व सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि कुछ संस्थाओं ने सीमित स्तर पर कार्य किया, लेकिन कई स्थानों पर अपेक्षित सुधार नजर नहीं आया। कई चौक-चौराहों पर केवल संस्थाओं के नाम वाले बोर्ड लगाए गए, जबकि साफ-सफाई, पौधारोपण, रंग-रोगन, लाइटिंग और नियमित रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया। वहीं, अवैध पोस्टर, बैनर और होर्डिंग से भी शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है। नगर निगम अब दोबारा संबंधित संस्थाओं से संपर्क करेगा। यदि वे निर्धारित मानकों के अनुसार जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार नहीं होतीं तो निगम अपने स्तर पर संरक्षण और सौंदर्यीकरण का कार्य करवाएगा। योजना में आकर्षक लाइटिंग, हरियाली, पौधारोपण, सजावटी संरचनाएं, साफ-सफाई और प्रतिमाओं के आसपास बेहतर वातावरण विकसित करना शामिल है।



सुभाष चौक का दृश्य

**स्वच्छता व सुंदरता बढ़ाने की योजना**

शहर में स्वच्छता के साथ सुंदरता बढ़ाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। विशेषज्ञ एजेंसी से सर्वे करवाकर चौक-चौराहों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थिति का आकलन कराया जाएगा। इसके आधार पर आगामी कार्य किए जाएंगे।
- **राजीव जैन**, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

## एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

■ शास्त्री कॉलोनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मशीन को क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**सोनीपत।** शास्त्री कॉलोनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास करने के मामले में शहर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव पुरखास राठी निवासी साहिल, अरुण और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को बैंक शाखा प्रबंधक ने शिकायत दी थी कि सुबह शाखा खोलने पर एटीएम मशीन क्षतिग्रस्त मिली। इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुख्य सिपाही कपिल और उनकी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व अन्य सुरागों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि वारदात की योजना कैसे बनाई गई थी और क्या वे अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं।

## सरकारी विभाग में वाहन लगवाने का झांसा देकर महिला से कार हड़पी

■ 35 हजार रुपये मासिक आय का झांसा देकर धोखाधड़ी

**सोनीपत।** सरकारी विभाग में कार किराये पर लगवाकर हर माह 35 हजार रुपये आय दिलाने का झांसा देकर महिला की कार हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार वापस मांगने पर आरोपी ने पहले वाहन चोरी होने की बात कही। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी घसीटा निवासी बिमला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके बेटे की पहचान आकाश के माध्यम से जैन अहमद से हुई थी। आरोपी ने खुद को ट्रैवल टाइम ट्रैवल एजेंसी का संचालक बताते हुए उनकी कार सरकारी विभाग में लगवाने का भरोसा दिया था। उसने हर माह 35 हजार रुपये किराया देने और रेंट एग्रीमेंट करने का आश्वासन दिया। शिकायत के अनुसार, विश्वास में आकर महिला ने मई 2025 में अपनी कार आरोपी को सौंप दी। हालांकि, आरोपी रेंट एग्रीमेंट कराने के नाम पर लगातार टालमटोल करता रहा और केवल 10 हजार रुपये ही दिए। महिला का आरोप है कि जनवरी में कार वापस मांगने पर आरोपी ने वाहन चोरी होने की बात कही, लेकिन एफआईआर, डीडी एंट्री और बीमा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका।

## रोहट में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव रोहट में मंगलवार को एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मामले में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 26 वर्षीय मोनिका के रूप में हुई है। वह करीब चार वर्ष पहले रोहट निवासी युवक के साथ विवाह बंधन में बंधी थी। उसके परिवार में तीन वर्षीय बेटा और एक वर्षीय बेटी हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। मोनिका मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की रहने वाली थी।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत मामले में दो चिकित्सकों पर केस

| मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में उपचार के दौरान निगरानी में कमी का जिक्र | बच्चेदानी में फाइब्रॉएड की समस्या से पीड़ित थी महिला |
|---|---|

**सोनीपत।** मुरथल रोड स्थित निजी अस्पताल में बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर दो चिकित्सकों के खिलाफ चिकित्सकीय लापरवाही का मामला दर्ज किया है। शिकायत के करीब 89 दिन बाद हुई इस कार्रवाई को परिजनों ने न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। गांव खेवड़ा निवासी रोहित ने 30 अप्रैल को मुरथल थाना में शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उनकी मां संतोष देवी की मौत उपचार में लापरवाही के कारण हुई। पुलिस ने मामले की जांच के लिए सिविल अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से राय मांगी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत के अनुसार संतोष देवी को बच्चेदानी में फाइब्रॉएड की समस्या थी। 26 मार्च को मुरथल रोड स्थित पार्क निदान अस्पताल में उनका ऑपरेशन किया गया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद लगातार दर्द और संक्रमण के लक्षणों के बावजूद समय पर उचित उपचार नहीं मिला। मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ऑपरेशन के दौरान लेप्रोस्कोपिक सर्जरी को ओपन सर्जरी में बदलना चिकित्सकीय रूप से उचित था।

**89 दिन बाद कार्रवाई**




हालांकि, ऑपरेशन के बाद मरीज में उल्टी, पेट दर्द, बुखार और संक्रमण के संकेत मिलने के बावजूद समय पर विशेषज्ञ निगरानी और स्थिति का पर्याप्त आकलन नहीं किया गया। आंत में चोट की पहचान और दोबारा सर्जरी में देरी को भी रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है। मुरथल थाना पुलिस ने बताया कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर दो चिकित्सकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।








# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

चार कर्मचारियों के तबादले रद्द करने और कथित घोटालों की जांच को लेकर प्रदर्शन तेज

# एचएसवीपी कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी, सीवर-पानी ठप करने की चेतावनी



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद एचएसवीपी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। बैठक के दौरान अधिकारी और साथ में कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर 15 के मुख्य द्वार पर हुड्डा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन और सर्व कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान टीनू मदान ने की तथा संचालन जिला सचिव महावीर सिंह ने किया। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की अनुपस्थिति से जनता के काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कार्यालय में हुए कथित वित्तीय घोटालों की उच्च स्तरीय जांच कराने और एक आरोपित नेता के दबाव में बदले गए चार कंप्यूटर ऑपरेटरों के तबादले तुरंत रद्द करने की मांग की। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो सीवर और पेयजल आपूर्ति बंद की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इसके अलावा सेक्टर 15 कार्यालय परिसर से अवैध कब्जे हटाने तथा कर्मचारियों को धमकाने वाले एक आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई। प्रदर्शन में राकेश योगी, ओमप्रकाश, दिलबाग, नरेश

## डाक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** भारतीय पोस्टल कर्मचारी फेडरेशन (बीपीईएफ) के आह्वान पर मंगलवार को प्रधान डाकघर, सोनीपत तथा गोहाना उपमंडल में लंच टाइम के दौरान डाक कर्मचारियों ने अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने विभाग के समक्ष विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए उनका शीघ्र समाधान करने की मांग की। कर्मचारियों ने लक्ष्य (टारगेट) आधारित कार्यप्रणाली समाप्त करने, विभाग में रिक्त पदों को तत्काल भरने, डाक कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने, पुराने डिलीवरी सिस्टम को पुनः लागू करने, एनडीसी व्यवस्था समाप्त करने तथा विभागीय समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग रखी। प्रदर्शन में अमरदीप (परिमंडल प्रधान), गोविंद (उप परिमंडल सचिव), पवन कुमार (मंडल सचिव), अमन नरवाल (परिमंडल सचिव) एवं आकाश (मंडलीय प्रधान) सहित बड़ी संख्या में डाक कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाई। वहीं, गोहाना उपमंडल में भी कर्मचारियों ने लंच टाइम के दौरान प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## अधीक्षक अभियंता से बैठक, मांगों के समाधान का मिला आश्वासन

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सिंचाई शाखा सोनीपत के फील्ड कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को अधीक्षक अभियंता मनजीत हुड्डा के साथ उनके कार्यालय में बैठक हुई। यूनियन पदाधिकारियों ने रिक्त पदों पर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, एलटीसी का लंबित भुगतान, कर्मचारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि समय पर जारी करने, जुआ झाल के गेट की मरम्मत तथा सभी कर्मचारियों को समय पर आवश्यक औजार उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगें उठाईं। अधीक्षक अभियंता मनजीत हुड्डा ने सभी मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस पर यूनियन पदाधिकारियों ने संतोष जताते हुए विभाग से निर्धारित समय में मांगों का समाधान करने की अपील की। बैठक में जिला अध्यक्ष जब गोंदिया, जिला सचिव राजेश, शाखा प्रधान नीरज, सचिव प्रदीप नैन, राकेश तथा कार्यकारी अभियंता सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर-सदन कविता प्रतियोगिता में पीहू रही प्रथम

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय सैनिकों के शौर्य गाथा, मोबाइल फोन से दूरी और किताबों के पास रहा। विद्यार्थियों को तकनीक की आभासी दुनिया से अलग हटाकर किताबों के महत्व और साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया था। भारतीय वीर सैनिक हमारे देश की आन-बान और शान के प्रतीक हैं। वे अपनी जान की परवाह किए बिना सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर जैसलमेर के तपते रेगिस्तान तक हर कठिन परिस्थिति में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय के तीनों सदनों- सत्यम, शिवम और सुंदरम के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रत्येक सदन से 3-3 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर सत्यम सदन से पीहू पुत्री सुरेंद्र, द्वितीय स्थान पर शिवम सदन से वीरेन पुत्र दीपक और तृतीय स्थान पर सत्यम सदन से अवनी पुत्री नवीन प्राप्त की। विद्यालय की प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने सभी विजेता व प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने कहा कि किताबें हमारी सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। तकनीक का सीमित उपयोग और पुस्तकों से निरंतर जुड़ाव ही हमारे जीवन को सही दिशा और सफलता की ओर ले जाता है।

### पीएचसी का निरीक्षण करके सेवाओं का जायजा लिया



**गोहाना।** एसडीएम अंकित कुमार ने मंगलवार को गांव रुखी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के रिकॉर्ड की जांच की और दवाइयों के स्टोर का निरीक्षण कर आवश्यक सेवाओं एवं दवाओं की उपलब्धता बारे जानकारी ली। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि अस्पताल परिसर, शौचालयों एवं स्नानघरों की नियमित सफाई की जाए। मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही मरीजों का समय पर उपचार, उनके साथ विनम्र व्यवहार तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मरीजों की सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक नरेश व पवन मौजूद रहे।

# हेपेटाइटिस बी और सी की समय पर जांच जरूरी : डॉ. सोनिका

- राष्ट्रीय हेपेटाइटिस दिवस पर बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस दिवस पर मंगलवार को बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर कलां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेडिसन ओपीडी परिसर में हुए कार्यक्रम में चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, विद्यार्थियों और मरीजों को वायरल हेपेटाइटिस बी व सी से बचाव, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ. स्वर्ण कौर मुख्य अतिथि रहीं, जबकि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजीव सिंगला, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. नवतेज सिंह और बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज रावल मौजूद रहे। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम एवं एआरटी सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. सोनिका लांबा ने कहा कि हेपेटाइटिस बी और सी लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर में रह सकते हैं।

### जन्म के 24 घंटे के भीतर टीका जरूरी

डॉ. लांबा ने बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला की हेपेटाइटिस बी जांच कराना आवश्यक है। संक्रमित पाए जाने पर नवजात को जन्म के 24 घंटे के भीतर टीका और जरूरत के अनुसार एचबीआईजी दिया जाए तो संक्रमण का खतरा काफी कम किया जा सकता है। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, विशेषकर रक्त चढ़वाने, डायलिसिस कराने या स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को हेपेटाइटिस बी और सी की जांच कराने की सलाह दी।

# स्तन कैंसर की समय पर जांच और जागरूकता ही बचाव : प्रो. सुदेश

- बीपीएसएमवी में तीन दिवसीय निःशुल्क मैमोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं कुलपति प्रो. सुदेश, एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन व नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर, रोहतक के निदेशक डॉ. अर्जुन नरूला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं एमएसएम आयुर्वेद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर, रोहतक के सहयोग से महिलाओं के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क मैमोग्राफी शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 30 जुलाई तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुएविवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ रही गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। किसी भी महिला को स्वास्थ्य संबंधी जांच कराने में संकोच नहीं करना चाहिए। नियमित स्क्रीनिंग और समय पर उपचार से हजारों महिलाओं का जीवन बचाया जा सकता है। मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर, रोहतक के निदेशक डॉ. अर्जुन नरूला थे। कार्यक्रम में भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता सिवाच आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. ए पी नायक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### एसडीएम प्रवेश कादियान ने पुरानी तहसील स्थित पटवारखाने का किया औचक निरीक्षण



**गन्नौर।** एसडीएम प्रवेश कादियान ने मंगलवार को पुरानी तहसील स्थित पटवारखाने का औचक निरीक्षण कर आमजन को दी जा रही सेवाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों के पटवारी, कानूनगो कक्षों का दौरा कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण में मिली खामियों को तुरंत प्रभाव से दुरूस्त करने के लिए तहसीलदार ललिता एवं नायब तहसीलदार अमित कुमार को निर्देश दिए। एसडीएम प्रवेश कादियान ने इस दौरान इंतकाल, पैमाइश, गिरदावरी, भूमि संबंधी अन्य रिकॉर्ड को अपडेट करने, रखरखाव संबंधी व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों से लंबित इंतकाल मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष हिदायत देते हुए कहा कि निर्देश दिए कि प्रदान की जाने वाली राजस्व संबंधी सेवाओं की फीस को रजिस्टर में इंद्राज करने एवं कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने एवं कार्यालय में आने जाने वाली डाकों का रिकार्ड रखने के लिए रजिस्टर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने कहा कि भविष्य में भी नियमित रूप से औचक निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली को जांचा जाएगा। किसी भी प्रकार की कौताही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, नायब तहसीलदार अमित कुमार, कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर मुरथल में होगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भंडारा लगाया जाएगा

**सोनीपत।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री रामकृष्ण साधना केंद्र, मुरथल में बुधवार को संगीतमय शैली में श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री सुंदरकाण्ड समिति और श्री सनातन धर्म सभा की ओर से किया जा रहा है। आयोजन में त्यागावतार भगवान मंदिर, चितवला के ऋषि संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का आशीर्वाद तथा स्वामी दयानंद ब्रह्मचारी जी महाराज का सान्निध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और गुरु महिमा का गुणगान किया जाएगा। आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक चलेगा, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजकों के अनुसार देश-विदेश के श्रद्धालु भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। श्री रामकृष्ण साधना केंद्र, आहूजा ढाबा के पीछे, जीटी रोड, मुरथल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### जिला कारागार में 40 बंदियों की हुई हेपेटाइटिस संबंधी जांच, बचाव व उपचार के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मंगलवार को जिला कारागार में विशेष स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में 40 बंदियों की हेपेटाइटिस संबंधी जांच (स्क्रीनिंग) की गई। हालांकि जांच के दौरान कोई भी बंदी पॉजिटिव नहीं मिला। उन्हें इस बीमारी से बचाव व समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में डॉ. परीक्षित लठवाल, फार्मेसी अधिकारी चिराग आंतिल, इंद्रजीत दहिया, लैब तकनीशियन समुंद्र हुड्डा सहित टीम ने अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य टीम ने बताया कि हेपेटाइटिस गंभीर बीमारी है, जो मुख्य रूप से लीवर को प्रभावित करती है। समय पर जांच व उपचार से इसके दुष्प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है। शिविर में बंदियों को स्वच्छता अपनाने, सुरक्षित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई का उपयोग न करने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। उप सिविल सर्जन डॉ. स्वराज चौधरी ने बताया कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच के लिए प्रेरित करना है। कारागार जैसे संस्थानों में नियमित स्वास्थ्य जांच से संक्रमण की समय रहते पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, ताकि बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### पीएम-अजय योजना के तहत 6 लाख तक ऋण, 50 हजार रुपये सब्सिडी मिलेगी

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए 1 लाख रुपये से 6 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मंगलवार को लघु सचिवालय में सीईओ जिला परिषद डॉ. अनमोल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन सह अभिसरण समिति की बैठक में विभिन्न स्वरोजगार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। डॉ. अनमोल ने बताया कि योजना के तहत 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी, जबकि महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत और पुरुषों के लिए 6 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर तय की गई है। योजना का लाभ केवल उन अनुसूचित जाति परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम है। अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों से अधिक आवेदन करवाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अनुराधा जैन, सिंचाई विभाग के एसई मंजीत हुड्डा, अनुसूचित जाति कल्याण निगम से मैनेजर डॉ. बिजेन्द्र कुमार, जिला कल्याण अधिकारी कमल कुमार, जन-अभियांत्रिकी विभाग से एक्सईएन गौतम कुमार, एडीआईओ विजय बल्हारा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुनैना चौटाला की उपस्थिति में दर्जन भर युवाओं ने इनेलो में जताई आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



इनेलो पार्टी महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला जनसंपर्क अभियान के तहत खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के गांव रामपुर कुंडल पहुंची। अपने उद्बोधन में उन्होंने इनेलो पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया और 27 सितंबर को चौधरी देवीलाल की जयंती पर होने वाले सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत, महिला जिला अध्यक्ष मंजीत फोगाट, हलका अध्यक्ष बलवान नंबरदार, एससी सेल जिला अध्यक्ष जोरावर बरोणा, एससी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष राजू धानक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहतास दहिया, अशोक राणा ,देवेंद्र दहिया, राणा खाप प्रधान सतीश राणा आदि इस मौजूद रहे। कुणाल गहलावत के नेतृत्व में दर्जन भर युवाओं ने इनेलो की सदस्यता ग्रहण की, जिनका सुनैना चौटाला ने पार्टी में स्वागत करते हुए पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिलाया। सुनैना चौटाला ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के शासनकाल में बुजुर्गों को सम्मान, महिलाओं को मजबूती और युवाओं को रोजगार मिला था। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लगभग हर वर्ग—किसान, युवा, कर्मचारी, शिक्षक, आशा वर्कर, विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सकों और खिलाड़ियों को अपनी मांगों के लिए धरना देना पड़ रहा है।

## पावर ग्रिड के विरोध में धरना 52वें दिन भी जारी इनेलो नेताओं ने दिया किसानों को समर्थन


सोनीपत। किसानों को समर्थन देने पहुंची इनेलो नेत्री साथ में अन्य।

**सोनीपत।** पावर ग्रिड परियोजना के विरोध में गांव गुहणा में 7 जून से चल रहा किसानों का धरना मंगलवार को 52वें दिन भी जारी रहा। धरने को समर्थन देने के लिए इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला, कुनाल गहलावत (जिला अध्यक्ष), मनजीता फौगाट (महिला जिला अध्यक्ष), पिंकी दहिया (हल्का अध्यक्ष), अशौक मलिक (राज्य कार्यकारिणी), गौपाल जाजी (हल्का अध्यक्ष) और आनन्द खत्री (सोनीपत) धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने गुहणा कमेटी और प्रभावित किसानों को आश्वस्त किया कि संघर्ष के दौरान इनेलो हर स्तर पर किसानों के साथ खड़ी है। किसानों ने कहा कि हाई-टेंशन लाइनों के लिए पारदर्शी मूल्यांकन और पूरा भुगतान होने के बाद ही कार्य करने दिया जाएगा। किसानों ने बताया कि वे अपनी मांगें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा और उपायुक्त नेहा सिंह को लिखित रूप से सौंप चुके हैं। इस दौरान जानकारी दी गई कि सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने भी लोकसभा में किसानों को उचित मुआवजा दिलाने और नुकसान की भरपाई का मुद्दा उठाया। किसानों का कहना है कि एनसीआर क्षेत्र में स्थित उनकी जमीन का उचित मूल्य दिए बिना परियोजना स्वीकार नहीं की जाएगी।

**सुविधा** रोडवेज विभाग को रोहतक रूट पर अपेक्षाकृत यात्रियों की संख्या कम मिलने, राजस्व को नुकसान होने पर लेना पड़ा निर्णय

# रोहतक रूट से हटाकर दो ई-बसों का दिल्ली रूट पर ट्रायल, यात्रियों को मिलेगा आराम भरा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोडवेज विभाग ने रोहतक रूट पर यात्रियों की अपेक्षाकृत कम संख्या को देखते हुए दो ई-बसों का संचालन अब दिल्ली रूट पर ट्रायल के तौर पर प्रारंभ किया है। अधिकारियों की मानें, तो सोनीपत-रोहतक रूट पर करीब 10 दिन पहले प्रारंभ की गई ई-बसों के लिए पर्याप्त सवारियां नहीं मिलने से विभाग को नाममात्र का राजस्व ही मिल पाया है। ऐसे में इस रूट पर ई-बसों का संचालन करना मुश्किल भरा कदम है। विभाग ने स्थिति को देखते हुए अब इन दोनों ई-बसों का सोनीपत से दिल्ली आईएसबीटी तक संचालन करने का निर्णय लिया है। साथ ही बसों के इस रूट पर संचालन के साथ यात्रियों की प्रतिक्रिया व आय का आकलन किया जाएगा।

अधिकारियों की मानें, तो रोहतक रूट पर ई-बसों के संचालन से विभाग को अपेक्षाकृत आय नहीं हो रही है। सुबह व दोपहर में दो-दो फेरों में बसें कम यात्रियों के साथ चल रही हैं। इससे जहां एक ओर संचालन लागत निकालना विभाग के समक्ष चुनौतीपूर्ण बन रहा है, तो दूसरी ओर आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। विभाग ने अब यात्रियों की अधिक मांग वाले सोनीपत से दिल्ली रूट पर ई-बसों का ट्रायल प्रारंभ किया है। दिल्ली आईएसबीटी तक ई-बस में सफर करने पर यात्रियों के लिए 70 रुपये का टिकट निर्धारित किया गया है। दिल्ली आईएसबीटी रूट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। अधिकारियों का मानना है कि इस रूट पर ई-बसों को बेहतर यात्री मिल सकते हैं, जिससे राजस्व में वृद्धि तो होगी, साथ ही यात्रियों को आरामदायक व पर्यावरण अनुकूल यात्रा का विकल्प भी मिल सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल के दौरान यात्रियों की संख्या, आय व संचालन की व्यवहारिकता का मूल्यांकन किया जाएगा। यदि परिणाम संतोषजनक रहे, तो भविष्य में दिल्ली रूट पर ई-बसों का नियमित संचालन किया जा सकता है।


सोनीपत। सोनीपत बस अड्डा परिसर में खड़ी ई-बस। फोटो : हरिभूमि

### 70 रुपये किराया निर्धारित किया

हरियाणा सिटी बस सर्विसेज लिमिटेड के बोर्ड की बैठक में किराया तय होने के बाद दिल्ली आईएसबीटी तक ई-बसों का विस्तार ट्रायल के रूप किया गया है। यह बसें सुबह-शाम दो-दो फेरे लगा रही है। दिल्ली रूट पर ई-बसों का संचालन करने से पहले किराया तय हो चुका है। सोनीपत-आईएसबीटी तक 70 रुपये किराया निर्धारित किया गया है।
- संजय कुमार, महाप्रबंधक, रोडवेज विभाग, सोनीपत

### फिलहाल कुंडली बॉर्डर तक चल रही 5 बसें

सोनीपत बस अड्डा परिसर से फिलहाल 5 एसी ई-बसों का संचालन कुंडली बॉर्डर तक किया जा रहा है। सोनीपत में ई-बस सेवा 26 जनवरी 2025 से प्रारंभ की गई थी। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की ओर से 13 नवंबर 2025 से सोनीपत-दिल्ली के बीच वातानुकूलित ई-बस सेवा शुरू की गई थी। डीटीसी की तीन ई-बसें रोजाना सुबह-शाम चल रही हैं।

## सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का सफल आयोजन

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा में कक्षा 11वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या दया दहिया एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ब्रेन बूस्टर , माइंड मास्टर , जीनीयस स्क्वाड, ब्राइट स्पार्क, गैलेक्सी माइंड तथा एस्ट्रो ब्रेन टीमों के माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# लिफ्ट बंद, मरीज-परिजन ऊपरी मंजिल पर जाने को दौड़ लगाने पर विवश

### नागरिक अस्पताल में सुविधाओं की लचर व्यवस्था के कारण मरीजों को आए दिन नई-नई परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

- करीब एक सप्ताह से लिफ्ट में तकनीकी खामी के चलते झेलनी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में सुविधाओं की लचर व्यवस्था के कारण मरीजों को आए दिन नई-नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में करीब एक सप्ताह से लिफ्ट में तकनीकी खामी आने के कारण इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों व उनके परिजनों को ऊपरी मंजिल पर दौड़ लगाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। लिफ्ट बंद होने से प्रथम व द्वितीय तल पर स्थित सर्जिकल वार्ड, मेडिकल वार्ड व डायलिसिस सेंटर तक पहुंचने के लिए मरीजों को सीढ़ियों या फिर रैंप का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में खासकर बुजुर्ग, दिव्यांगजनों व गंभीर हालत में आने वाले मरीजों के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण बनती जा रही है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 1800 लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में लिफ्ट बंद होने से कई मरीजों को स्ट्रेचर व व्हीलचेयर के सहारे ऊपर ले जाने में परिजनों की काफी दौड़धूप हो रही है। उन्हें काफी मशक्कत के बाद इलाज के लिए ऊपरी तल पर पहुंचना दुर्भर हो रहा है। अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन, मेडिकल प्रमाण-पत्र, आर्म्स लाइसेंस की फीस जमा कराने संबंधी कार्यों के लिए भी लोगों को दूसरी मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियों या रैंप पर निर्भर होना पड़ रहा है। मरीजों के परिजनों ने मांग है कि अस्पताल परिसर की लिफ्ट का जल्द संचालन शुरू करवाया जाएगा। अन्यथा भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में लिफ्ट बंद होने से रैंप से व्हीलचेयर लेकर जाती स्वास्थ्य कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

#### जल्द से जल्द करवाई जाएगी मरम्मत

वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि लिफ्ट में आई तकनीकी खराबी संबंधी जानकारी कंपनी के तकनीशियनों को दे दी गई है। लिफ्ट को जल्द सुचारू करवाने के लिए मरम्मत करवाई जाएगी। इसके लिए प्रबंधकों की ओर से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि मरीजों व साथ आए परिजनों को सुविधा का लाभ मिल सके।

---

**खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव**

### समारोह में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दर्ज करवाई उपस्थिति

# विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की झलक पेश कर बिखेरे छटा के रंग

सांस्कृतिक उत्सव में दो वर्गों में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने लोक समूह नृत्य, एकल लोक नृत्य, लघु नाटिका, रागनी के माध्यम से जीवंत मुद्दों पर डाला प्रकाश

- विजेताओं को 20 से 25 अगस्त के बीच होने वाले जिलास्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने का मिलेगा मौका





**सोनीपत।** खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में लोक समूह नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं तथा सांस्कृतिक उत्सव के दौरान प्रस्तुति का लुफ्त उठाते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सोनीपत खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर छटा के रंग बिखेरे। खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई कर उनकी प्रतिभा को खूब सराहा। इससे पहले समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री, सीएमजीजीए सारिका, जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह, अमित भनवाला ने शिरकत की। ब्लॉक कोर्डिनेटर के रूप में बीआरपी मंजू, प्राचार्य सुनील त्यागी, अतुल खट्टर, अजीत बाला, संतोष खत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य दिनेश मलिक ने की। जिला सांस्कृतिक समन्वयक एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रपति अवॉर्डी सुनीता ढुल ने बताया कि खंड स्तरीय सांस्कृतिक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी अब 20 से 25 अगस्त के बीच होने वाले जिलास्तरीय उत्सव में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। जिलास्तरीय विजेताओं को प्रदेश स्तरीय मंच पर अपनी काबिलियत दिखाने का अवसर मिलेगा। समारोह में मंच संचालन ग्रुप डांस में सुमन, सरिता, सोलो डांस में पूनम, ममता, स्किट में साक्षी, रागनी में मीना ने किया। अंजू दहिया सहित 3 सदस्यीय टीम ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। समारोह में पिंकी, दर्शना, कांता हुड्डा, योगिता, बीआरपी कमलेश, सुमन, प्रमिला, समिता, संध्या, सविता, संगीता, सुभाष कुंडू, प्रवीण मलिक, पारूल, स्वर्णलता, कविता, मीनाक्षी, निधि का विशेष सहयोग रहा। अंत में अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

### ये रहा प्रतियोगिताओं का परिणाम

#### लोक एकल नृत्य

कक्षा 5वीं से 8वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय सोनीपत की टीम प्रथम, राजकीय विद्यालय ताजपुर की टीम द्वितीय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बोहला की टीम तृतीय, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला। कक्षा 9वीं से 12वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय सोनीपत की टीम प्रथम, राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल की टीम द्वितीय, राजकीय विद्यालय ताजपुर की टीम तृतीय, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कुमासपुर की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला।

#### लघु नाटक स्पर्धा

कक्षा 5वीं से 8वीं में राजकीय कन्या विद्यालय भठगांव की टीम प्रथम, पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय सोनीपत की टीम द्वितीय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी हकीकत की टीम तृतीय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बख्तावरपुर की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला। कक्षा 9वीं से 12वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल अड्डा की टीम प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय अशदपुर नांदनौर की टीम द्वितीय, राजकीय विद्यालय मुरथल की टीम तृतीय, राजकीय कन्या विद्यालय भठगांव की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला।

#### रागनी स्पर्धा

कक्षा 5वीं से 8वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय सोनीपत की टीम प्रथम, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कुमासपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 9वीं से 12वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा की टीम प्रथम, राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल की टीम द्वितीय, राजकीय विद्यालय मुरथल की टीम तृतीय व राजकीय विद्यालय मोहाना की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला।

#### लोक समूह नृत्य

कक्षा 5वीं से 8वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल अड्डा की टीम प्रथम रही। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं में पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय सोनीपत की टीम प्रथम, पीएमश्री राजकीय विद्यालय बड़ौली की टीम द्वितीय, राजकीय विद्यालय ताजपुर की टीम तृतीय, राजकीय विद्यालय करेवड़ी की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला।

---

## न्यूज डायरी



### छात्रों ने समूहगान एवं प्रश्न मंच में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना की शिशु वाटिका में मंगलवार को समूहगान एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिशु वाटिका की प्रभात कक्षा के पांचों अनुभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा दिखाई। समूहगान प्रतियोगिता का मूल्यांकन पांच प्रमुख बिंदुओं—गीत का कंठस्थ होना, लयबद्ध प्रस्तुति, सभी बच्चों की सहभागिता, वेशभूषा तथा मंच प्रस्तुति की सुव्यवस्था के आधार पर किया गया। समूहगान प्रतियोगिता में प्रभात कक्षा से देवदत्त ने प्रथम स्थान, पौण्ड्र ने द्वितीय स्थान व अनंत विजय एवं पांचजन्य ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में पहली कक्षा से पांचजन्य ने प्रथम, देवदत्त ने द्वितीय व अनंत विजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञान, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं समूह भावना का विकास करती हैं।




### शिक्षा महिला सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के शिक्षा विभाग में नव-प्रवेशित छात्राओं के लिए आयोजित द्विसाप्ताहिक अभिमुखीकरण कार्यक्रम 'दीक्षारम्भ अभ्युदय–2026 : परिचय एवं स्वागत' का मंगलवार को शुभारंभ हो गया। विभागाध्यक्ष प्रो. वरुणा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विवि की शैक्षणिक परंपराओं, अकादमिक वातावरण, नैतिक मूल्यों तथा भावी शिक्षकीय दायित्वों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि की कुलगुरु प्रो. सुदेश व सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय, लद्दाख के कुलगुरु प्रो. राजीव रतन रहे। प्रो. सुदेश ने कहा कि शिक्षा ही महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी और स्थायी माध्यम है। महिलाएं आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि छात्राएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करें और सीखने की चेष्टा रखें। प्रो. राजीव रतन ने कहा कि भारतीय शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन-मूल्यों, कर्तव्यबोध और मानवीय संवेदनाओं का भी विकास करती है। कार्यक्रम निदेशिका प्रो. वरुणा तेहलान दहिया तथा संयोजिका प्रो. सरला रहीं। संचालन एमएड की छात्राओं भारती एवं गुंजन ने किया। प्रो. प्रिया ढींगरा एवं डॉ. सुशील कुमार द्वारा छात्राओं में आत्मीयता, संवाद और सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय की डीन प्रो. अनु बल्हारा भी उपस्थित रहे।



### छात्रों को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया

**सोनीपत।** इंडियन मॉडर्न स्कूल में सोमवार को प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गाहल्याण की अध्यक्षता में सत्र 2026-27 के भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में अनुशासन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को सुभाष सदन, टैगोर सदन, अशोका सदन और रमन सदन में विभाजित किया गया। समारोह के दौरान कक्षा 12वीं के वंश को हेड बॉय और सना को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। शौर्य को डिसिप्लिन की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि सृष्टि को स्पोर्ट्स कैप्टन और लवनीत को लैंग्वेज कैप्टन बनाया गया। सभी नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य, प्रबंधक महोदया, उप-प्रधानाचार्या और शिक्षकों की उपस्थिति में ध्वज थामकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गाहल्याण ने सभी पदाधिकारियों को बैज और शैश पहनाकर सम्मानित किया तथा कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, विद्यालय बैंड की सुमधुर धुनों और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

---

## मुरथल शराब ठेका लूटकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल क्षेत्र में शराब के ठेके पर सेल्समैन पर हमला कर नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव हसनपुर निवासी आशीष के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूट की रकम में से 3,900 रुपये बरामद किए हैं। आरोपित को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि 26 जुलाई को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी अवधेश, जो मुरथल स्थित ठेकेदार जयंत के शराब ठेके पर सेल्समैन हैं, ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक ग्राहक बनकर ठेके पर पहुंचा और शराब की बोतल मांगी। जैसे ही सेल्समैन बोतल निकालने लगे, युवक काउंटर के भीतर घुस गया और शराब की बोतल से उनके सिर पर हमला कर दिया। हमले में घायल सेल्समैन के संभलने से पहले ही आरोपित गल्ले से करीब 15 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया।जांच के दौरान घटनास्थल पर मिली बिना नंबर प्लेट की बाइक की चेसिस नंबर से पुलिस को पता चला कि बाइक कुछ दिन पहले राष्ट्रीय राजमार्ग से चोरी की गई थी। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने लूट की वारदात के लिए चोरी की बाइक का इस्तेमाल करने की बात स्वीकार की।

## विधायक ने 3.51 करोड़ से तैयार आहुलाना पीएचसी के नए भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर के आहुलाना गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती मिली है। गांव में श्याम बाबा मंदिर के पास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने विधिवत फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। लगभग 3.51 करोड़ रुपये से अधिक लागत से तैयार इस आधुनिक भवन के शुरू होने से आहुलाना समेत आसपास के करीब 30 हजार ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। लोकार्पण समारोह में पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कादियान का स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बुके और ग्रामीणों ने फूलमाला से स्वागत किया। विधायक ने कहा कि नए पीएचसी भवन में मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं विकसित की गई है। इस अवसर पर एसएमओ पुरखास डॉ. वीरेंद्र ढांडा, डॉ. वीरेंद्र नैन, पीएचसी इंचार्ज डॉ. आकाश, डॉ. प्रवीन छिक्कारा, फार्मासिस्ट रश्मी, एमपीएचडब्ल्यू जैकी सैनी, सरपंच प्रतिनिधि अजित कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार, गुरमैल सरपंच गामड़ा, बिजेंद्र कोच, रणबीर, रोहताश, राजू पहल, नरेश, बलजीत, दीपक पहलवान, सचिन आदि मौजूद रहे।



## कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने का आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** शहर थाना पुलिस ने कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सेक्टर-23 निवासी विकास के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामनगर निवासी संदीप ने मई माह में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक विवाद के बाद विकास, नटवर और उनके साथियों ने पहले मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद घर लौटते समय आरोपितों ने कार से स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। शिकायत में आरोप है कि सड़क पर गिरने के बाद भी एक युवक पर कार चढ़ाकर जान लेने का प्रयास किया गया और लोहे की रॉड व डंडों से हमला किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपित विकास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश में भी जुटी हुई है।

---

## गांव मंडोरा में फिरनी व सड़क पर अवैध कब्जों से ग्रामीण परेशान

**खरखौदा।** क्षेत्र के गांव मंडोरा में फिरनी और सड़क पर हुए अवैध कब्जों और गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्राम सभा और जन कल्याण सेवा समिति मंडोरा के बैनर तले ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। जिसमें बताया गया है कि गांव मंडोरा की तीन ओर 33 फुट चौड़ी फिरनी और एक ओर 66 फुट चौड़ी पीडब्ल्यूडी की सड़क है। लेकिन अवैध कब्जों और गलत सीमांकन के कारण गांव के चारों ओर ग्रामीणों के आने-जाने का रास्ता ही नहीं बचा है। फिरनी पर जगह-जगह अवैध कब्जे हैं और कुछ जगहों पर तो पूरी 33 फुट फिरनी ही कब्जे में दब चुकी है। भीम सिंह, अनिल, सतबीर सिंह, महावीर, सुरेंद्र, अभिमन्यु, देवेंद्र, देव आदि ग्रामीणों का आरोप है कि फिरनी के साथ-साथ खाद गड्ढों पर भी कब्जा कर लिया गया है। जगह-जगह कूड़े और गोबर के ढेर लगे हैं, जिससे महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं सड़क की हालत भी अवैध कब्जों और टूट-फूट के कारण खस्ता हो चुकी है। ग्रामवासियों ने जिला उपायुक्त, उपमंडल अधिकारी खरखौदा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी खरखौदा और सीएम विंडो पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर मांग की है कि जनहित में तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरी फिरनी, खाद गड्ढे और नालों को खाली कराया जाए।



हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**मौसम** | विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की गतिविधियां तेज होती दिख रही

# सावन की शुरुआत के लिए एक्टिव हुआ मानसून दिनभर बादल छाए रहने से मौसम हुआ सुहावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलावासियों को जहां सावन माह में होने वाली झमाझम बरसात, मौसम मिजाज के बदलने का इंतजार है। वहीं 30 जुलाई से शुरू होने जा रहे सावन माह की शुरुआत से पहले मानसून एक्टिव मोड़ में नजर आ रहा है। सुबह से दिनभर आसमान में छाए रहे बादलों, दोपहर बाद विभिन्न क्षेत्रों में हुई बूंदाबांदी से लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हालांकि दिनभर झमाझम बरसात का इंतजार कर रहे लोगों को मायूसी हाथ लगी। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो मानसून की गतिविधियां तेज होती दिख रही हैं। ऐसे में 30 जुलाई तक झमाझम बारिश होने की संभावना बनी रहेगी। इस बार तेज हवाओं के साथ मध्यम से तेज बारिश के आसार बने हैं। मौसम परिवर्तन से जहां तापमान में गिरावट दर्ज होगी, वहीं उमस व खराब वायु गुणवत्ता से सुधार नजर आएगा।

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलने मंगलवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। शहर में दोपहर बाद रुक-रुक कर बूंदाबांदी ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई। हालांकि तेज बारिश न होने से शाम को पुनः लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। दिनभर बादल छाए रहने के बावजूद दिन का न्यूनतम तापमान एक डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पूर्व अधिकतम तापमान 38 डिग्री होने से लोगों को सोमवार रात भी उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो दिनों में तेज बारिश के आसार बने रहेंगे। ऐसे में अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट के साथ 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही किसानों खासकर धान उत्पादकों को राहत मिलेगी।



**सोनीपत।** रेलवे रोड पर बूंदाबांदी के बीच गुजरते वाहन चालक व राहगीर तथा बूंदाबांदी के बीच गुजरता स्कूटी सवार।

#### कमजोर साबित हुआ प्री मानसून

जिले में इस बार प्री मानसून के बाद मानसून अब तक कमजोर ही साबित हुआ है। हालांकि 20 जुलाई से ही जिले में मानसून की गतिविधियां जारी हैं, लेकिन कमजोर गतिविधियों से व्यापक स्तर पर बारिश नहीं हुई है। लोगों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ रही है। अब बंगाल की खाड़ी में बने नए निम्न दबाव क्षेत्र की वजह से मानसून सीजन में अपेक्षाकृत मजबूत मौसम प्रणाली सक्रिय हुई है, जोकि 30 जुलाई तक बनी रहेगी। इससे क्षेत्र में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है।

#### कल तक तेज बारिश होने की संभावना

बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव क्षेत्र विकसित होने से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 30 जुलाई तक तेज बारिश होने की संभावना बनी है। आसमान में बादल छाए रहने व बारिश होने से तापमान में गिरावट आने से लोगों को उमस से निजात मिल सकेगी। साथ ही खरीफ सीजन की फसलों को लाभ मिलेगा।

-प्रो. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

## देवडू रोड पर युवक से सोने की चेन झपटी, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**सोनीपत।** देवडू रोड स्थित मामचंद स्कूल के सामने खड़े एक युवक से बाइक सवार तीन बदमाश सोने की चेन और लॉकेट झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और पीड़ित द्वारा बताए गए बाइक नंबर के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से बिहार के कटिहार जिले के गांव दरमही टोला निवासी उमेश मंडल ने बताया कि वह वर्तमान में मामचंद कॉलोनी में किराये पर रहते हैं। 22 जुलाई की रात करीब 8:45 बजे वह देवडू रोड पर मामचंद स्कूल के सामने खड़े थे। इसी दौरान एक बाइक पर तीन युवक वहां पहुंचे। बाइक रुकते ही दो युवक नीचे उतरे और एक युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट छीन लिया। वारदात के तुरंत बाद तीनों युवक बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।